Health and Cleanliness Campaign

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्वों को विकसित करने के उद्देश्य के तहत वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नं. 3 में अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

पाठ्यक्रम की समन्वयक डॉ रूचिका सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं की यह सामाजिक जिम्मेदारी है कि स्वयं जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करें। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज को जागरूक बनाया जा सकेगा। प्रत्येक गांव में स्वच्छता अभियान बहुत जरूरी हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी ही विभिन्न संक्रामक बीमारियों का कारण बनते हैं।

इस अवसर पर होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं तथा बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में अवगत करवाने के साथ अपने आसपास के परिवेश में साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने डोर टू डोर अभियान के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाव, पौष्टिक आहारों की उपयोगिता, शौचालय का उपयोग जैसे प्रमुख स्वच्छता व्यवहारों के प्रति प्रोत्साहित किया।

जागरूक अभियान का नेतृत्व होटल मैनेजमेंट के सह- समन्वयक दीपेंद्र मोहन सिंह तथा प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. प्रभाकर पांडेय ने किया।

वनटांगिया गांव में मुखिया रामगणेश के साथ होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थी।

विद्यार्थियों ने चलाया स्वास्थ्य और स्वच्छता अभियान

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्वों को विकसित करने के उद्देश्य के तहत वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नं. 3 में अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

पाठ्यक्रम की समन्वयक डॉ. रुचिका सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं की यह सामाजिक जिम्मेदारी है कि स्वयं जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करें। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज को जागरूक बनाया जा सकेगा। प्रत्येक गांव में स्वच्छता अभियान बहुत जरूरी हैं, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी ही विभिन्न संक्रामक बीमारियों का कारण बनती है। इस अवसर पर होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं तथा बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में अवगत करवाने के साथ आसपास के परिवेश में साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का नेतृत्व होटल मैनेजमेंट के सह समन्वयक दीपेंद्र मोहन सिंह तथा प्राध्यापक डॉ. संजय डॉ. प्रभाकर पांडेय ने किया।

सभी रोगों की
बस एक दवाई,
घर में रखो
साफ - सफाई ||
स्वच्छता अपनाओ
स्वच्छता अपनाओ,
अपने घर को सुंदर बनाओ